हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 6 अगस्त 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 फांसी को पुलिस ने माना आत्महत्या पिता बोले...



07 सूबात कचहरी पर बुलडोजर चले तो रुक सकता है...



खबर संक्षेप

महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष बनीं डॉ. किरण लता सोनी



सागर। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा की सहमति एवं प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी द्वारा घोषित कार्यकारिणी में डॉ. किरण लता सोनी को सागर शहर महिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर डॉ. सोनी ने अलका लांबा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी तथा शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और महिलाओं की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने का कार्य करेंगी। उनकी नियुक्ति पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव, पूर्व विधायक सुनील जैन सहित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में सागर में महिला कांग्रेस और अधिक सशक्त होगी।

एसडीएम को खाद वितरण व्यवस्था सुचारू रखने के दिए निर्देश

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि खरीफ सीजन में किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सभी एसडीएम अपने क्षेत्र की सहकारी समितियों और निजी खाद विक्रेताओं का औचक निरीक्षण करें। सभी खाद केंद्रों पर यूरिया, एन पी के और अन्य खाद का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए। खाद की कालाबाजारी और अधिक दाम पर बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रत्येक एसडीएम रोजाना खाद की आवक-जावक और वितरण की रिपोर्ट स्वयं देखें। यदि किसी किसान को खाद मिलने में दिक्कत हो तो तुरंत समाधान किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े। इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

सर्प दंश पर झाड़ फूंक नहीं अस्पताल भेजें

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी रहली कुलदीप पाराशर के द्वारा सर्प दंश का झाड़ फूंक के द्वारा इलाज करने वालों की जानकारी लेकर उनकी बैठक ली गई। बैठक में विभिन्न ग्रामों के ऐसे व्यक्तियों को समझाइश दी गई कि सांप काटने पर यदि कोई उनके पास आता है तो उसे शासकीय अस्पताल में भेजें, झाड़ फूंक से इलाज न करें। सर्प दंश से मृत्यु के मामलों में अब डेथ ऑडिट कराया जाएगा। झाड़ फूंक से इलाज का दावा करने वालों पर कार्यवाही भी होगी।

कृषि एवं संबद्ध विभाग और बैंकर्स के साथ कलेक्टर ने बुलाई समन्वय बैठक

आधुनिक कृषि यंत्रों व सहायक व्यवसायों से मजबूत होगी किसानों की अर्थव्यवस्था: कलेक्टर प्रतिभा पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिले के किसानों, ग्रामीण युवाओं और स्व-सहायता समूहों की आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रतिभा पाल ने एक महत्वाकांक्षी रणनीति तैयार की है। इसके तहत कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में स्वरोजगार प्रोजेक्ट्स को सीधे बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर सुलभ एवं आसान ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित समन्वय बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना रहा कि चिन्हित किसानों को ऐसी व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ा जाए, जिससे उन्हें आसानी से लोन मिल सके, उनकी नियमित आय में बढ़ोतरी हो और वे समय पर लोन रीपेमेंट (ऋण चुकाने) में भी सक्षम बन सकें।

बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने स्पष्ट किया कि कृषि और उससे जुड़े संबद्ध क्षेत्रों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकता है। जिले में फिलहाल 2,000 से अधिक ऐसे किसानों का प्री-आइडेंटि फिकेशन किया गया है, जो कृषि आधारित उद्योगों में लोन लेकर अपना स्वरोजगार स्थापित करना चाहते हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों और बैंको को निर्देश दिए कि इस लक्ष्य को योजना अनुरुप एक महीने के भीतर सभी प्रकरणों में लोन सैंक्शन की प्रक्रिया पूरी की जाए। इसके बाद अगले माह एक साथ लोन राशि का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रमुख प्रोजेक्ट्स पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

कृषि यांत्रिकीकरण एवं कस्टमाइज्ड सेंटर के अंतर्गत नरवाई प्रबंधन और कटाई के लिए स्ट्रॉ रीपर, रीपर बाइंडर, हार्वेस्टर, थ्रेशर के उपयोग और मक्का से साइलेज बनाने जैसे संयत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अलावा ट्रैक्टर, ड्रोन तकनीक, बूम स्प्रेयर और रोटावेटर हेतु लोन प्रदान किया जाएगा, जिससे किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर सकें।उद्यानिकी व भंडारण प्रबंधन के तहत प्याज और लहसुन को सही समय पर सही दाम दिलाने के लिए प्याज भंडार गृह निर्माण हेतु सब्सिडी व लोन उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि किसानों को मजबूरी में कम दामों पर फसल न बेचनी पड़े। इसके साथ ही सब्जी और फूलों की खेती के लिए लो-कॉस्ट शेडनेट हाउस तथा सब्जियों व फलों को करीब 7 दिनों तक सुरक्षित रखकर बेहतर दाम प्राप्त करने हेतु कोल्ड रूम की स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा। पशुपालन, डेयरी, पोल्ट्री, बकरी पालन और पिग फार्मिंग जैसे प्रोजेक्ट्स के जरिए किसान भाइयों की प्रतिदिन की नियमित आय के अवसर सृजित किए जाएंगे।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बैंक अधिकारियों और विभागीय अमले को तालमेल के साथ काम करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अग्रणी बैंक आवश्यक दस्तावेजों की एक सरल चैकलिस्ट जारी करेगा और विभागीय टीम सभी आवेदनों को व्यवस्थित कर बैंकर्स को सौंपेगी। किसानों को बार-बार बैंक न भटकना पड़े, इसके लिए 'कैंप मोड' में प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। जहाँ शिविर स्थल पर ही सत्यापन एवं अन्य जरूरी कागजी औपचारिकताएं एक साथ पूरी की जाएंगी। बैंक्स द्वारा एआईएफ और एग्री-इन्फ्रा फंड की मांग को देखते हुए समयबद्ध तरीके से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि केवल पारंपरिक खेती पर निर्भर रहने के बजाय जब किसान वैल्यू एडिशन, प्रोसेसिंग, वेयर हाउसिंग और पशुपालन जैसे सहायक व्यवसायों से जुड़ेगा, तभी उसकी आय में टिकाऊ वृद्धि होगी। प्रशासन का प्रयास है कि बैंकिंग प्रक्रियाओं को इतना सरल और पारदर्शी बनाया जाए कि हर पात्र किसान बिना किसी अड़चन के लोन प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सके।



भगवान झूलेलाल पर पुष्प वर्षा कर मनाया उत्सव संयुक्त परिवारों के सम्मान की होगी नई पहल

सागर। संत कंवर राम वार्ड में आयोजित झूलेलाल चालिहा महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को भगवान झूलेलाल पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धा और उल्लास के साथ उत्सव मनाया गया। भजन-कीर्तन एवं आरती के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान झूलेलाल का पूजन-अर्चन कर समाज की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोगों ने भाग लेकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया। समाजसेवी लालाराम मेठवानी ने बताया कि झूलेलाल चालिहा महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संयुक्त परिवारों के विघटन की प्रवृत्ति चिंता का विषय है। ऐसे में समाज में उन परिवारों को सम्मानित करने की पहल की जा रही है, जो आज भी संयुक्त परिवार की परंपरा को बनाए हुए हैं और सामाजिक मूल्यों को सहेजकर नई पीढ़ी के सामने उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सम्मान कार्यक्रम के लिए संयुक्त परिवारों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, ताकि ऐसे परिवारों को सार्वजनिक मंच से सम्मानित किया जा सके। यह पहल प्रत्येक वर्ष झूलेलाल चालिहा महोत्सव के दौरान जारी रहेगी, जिससे समाज में पारिवारिक एकता, आपसी सद्भाव और संस्कारों को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम में राजपूत, मोनिका मेठवानी, लीला आहूजा, भारती मोहनानी (नढ़ाणी), वर्षा हाँसानी, मानसी दरयानी, ममता तलरेजा, कनक लोटवानी, लालाराम मेठवानी, सुरेश मोहनानी, सोनू जेसवानी, विन्नू आहूजा, प्रेम प्रथयानी, विज्जू लालवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



पांच सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील पटवारी संघ अनिश्चित कालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर तहसील पटवारी संघ द्वारा अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अपने क्रमबद्ध आंदोलन के अगले चरण में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। लंबे समय से बार-बार आश्वासन एवं पिछली बार लिखित आश्वासन के बावजूद पटवारी का कैडर रिव्यू नहीं हो रहा है। लंबे समय से पटवारी की पदोन्नति नहीं हो रही है जबकि भृत्यो तक की पदोन्नति हो चुकी है। पटवारी के नियम विरूद्ध स्थानांतरण स्थिगित किए जाएं। पटवारी की पदोन्नति के लिए नायब तहसीलदार की परीक्षा का आयोजन नहीं किया जा रहा है। कई शासकीय कार्य जो पटवारी द्वारा संपन्न किए जा चुके है उनका आज दिनांक तक शासन द्वारा निर्धारित मानदेय नहीं मिला है। यह पटवारी की जायज मांगे हैं वह कई बार इसके लिए आंदोलन हड़ताल कर चुका है। लेकिन आज दिनांक तक शासन द्वारा भी भी सद्भावना पूर्नक उसकी मांगों पर विचार नहीं किया गया। शासन की लगातार अनदेखी से उसे बाद्ध होकर हर बार हड़ताल पर जाना पड़ता है।

ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष केशव प्रसाद मिश्रा, सचिव मुकेश कुमार जैन, सचिन कटारिया, दीपक बर्दिया, रविंद्र ठाकुर, मोहन गौड़, अखिलेश दीक्षित, सतीश खरे, सुदामा अहिरवार, आराधना पाठक, सतीश खरे, सुदामा अहिरवार, आराधना पाठक अरुण श्रीवास्तव, सूरज गौड़, वीरेंद्र राजपूत छत्रसाल पटेल, संजीव राज मौजूद थे।

नारीशक्ति के सम्मान और सहभागिता पर समाज की प्रगति निर्भर: भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि जिस समाज में महिलाओं का सम्मान होता है, वही समाज अधिक संगठित, समृद्ध और सुरक्षित बनता है। नारी सम्मान से सामाजिक नेतृत्व मजबूत होता है और प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। वे क्षत्रिय महासभा जिला सागर की महिला विंग द्वारा आयोजित महिला सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिलाओं को सम्मान और अवसर दोनों मिलें तो समाज और राष्ट्र की प्रगति और अधिक तेज होगी। उन्होंने कहा कि समाज की सबसे बड़ी पूंजी उसकी सम्मानित मातृशक्ति होती है, जो संस्कृति और संस्कारों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य करती है। भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि क्षत्रिय महासभा ने हाल ही में समाज की 21 बेटियों का निःशुल्क सामूहिक कन्यादान विवाह कराया था और अब 101 बेटियों के सामूहिक विवाह का संकल्प लिया गया है। उन्होंने समाज के लोगों से विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय सम्मेलन आयोजित करने की भी अपील की।कार्यक्रम में सामूहिक विवाह आयोजन में सहयोग देने वाली महिला सदस्यों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार शरद सिंह ने समाज के गौरवशाली इतिहास को गलत ढंग से प्रस्तुत करने वाले तत्वों का विरोध करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महिला विंग की अध्यक्ष प्रीति सिंह, लखन सिंह, प्रमिला सिंह, अभिषेक गौर सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



तुलसी फाउंडेशन कांवड़ यात्रा की तैयारी जोरों पर

सागर। तुलसी फाउंडेशन कांवड़ यात्रा के अध्यक्ष प्रदीप राजौरिया ने बताया कि तुलसी फाउंडेशन की भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन इस वर्ष 14 से 17 अगस्त तक किया जा रहा है। कांवड़ यात्रा की तैयारियों के अंतर्गत यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में तुलसी फाउंडेशन कांवड़ यात्रा के पालक एवं सागर के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल जैन ने बरभान धाम से सागर तक संपूर्ण यात्रा मार्ग का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। तुलसी फाउंडेशन कांवड़ यात्रा के संयोजक हरिराम सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवड़ यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

कीटनाशक एवं उर्वरक दुकानों का निरीक्षण

सागर। कृषि विभाग सागर की टीम के द्वारा कीटनाशक एवं उर्वरक दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिन डीलर्स के कार्यों में कमियां पाई गई, उनको नोटिस देकर आगामी तीन दिवस के अंदर कमियां ठीक करने का निर्देश दिया गया है। दिए गए समय में कमियां पूर्ण नहीं की जाने की स्थिति में संबंधित डीलर्स के खिलाफ लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। उक्त निरीक्षण टीम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सागर आर. डी. लडिया, कृषि शिवकांत राजपूत, राघवेंद्र राजपूत, प्रियंका नरवरिया उपस्थित रहे।

प्रेमचंद के साहित्य पर परिचर्चा व काव्य पाठ

सागर। प्रेमचंद जयंती पर प्रेमचंद के साहित्य और उनके वैचारिक अवदान पर परिचर्चा एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता टीकाराम त्रिपाठी के द्वारा की गई। संगोष्ठी में परिचर्चा मैं साहित्यकारों के द्वारा वक्तव्य दिया गया कि प्रेमचंद का साहित्य एक सामाजिक कार्य संपादित करता है। प्रेमचंद का साहित्य सामाजिक यथार्थ का साक्ष्य है। उसके भीतर जिजीविषा, प्रतिरोध और परिवर्तन की रचनात्मक उद्घोष है।



सरस्वती शिशु मंदिर, मकरोनिया में अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित

सागर। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय, मकरोनिया में मंगलवार को छात्र-छात्राओं के लिए अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, सागर के आपदा प्रबंधन निदेशक ए.के. सिंह ने प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में बचाव के मूल सिद्धांत, अग्निशामक यंत्र के उपयोग की विधि, घरेलू विद्युत सुरक्षा, एलपीजी गैस सुरक्षा, धुएं से भरे स्थान में सुरक्षित रहने के उपाय तथा विभिन्न आपदाओं के दौरान क्या करें और क्या न करें, इसकी व्यावहारिक जानकारी दी। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों में आपदा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य रश्मि आरेले, प्राध्यापक कुलदीप दुबे सहित समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

आपकी महापौर आपके द्वार व जनचौपाल का 21वां संयुक्त शिविर रामपुरा एवं इतवारी वार्ड में संपन्न

महापौर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं, मौके पर निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नगर निगम सागर द्वारा संचालित "आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल" शिविर के अंतर्गत बुधवार को रामपुरा एवं इतवारी वार्ड का 21 वां संयुक्त शिविर आयोजित किया गया। शिविर में महापौर संगीता सुशील तिवारी ने बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में नागरिकों ने जलप्रदाय, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य मूलभूत नागरिक सुविधाओं से संबंधित समस्याएं रखीं। महापौर ने अधिकांश मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर कार्रवाई सुनिश्चित कराई। साथ ही शासन की विभिन्न जन कल्याण कारी योजनाओं से वंचित पात्र हित ग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को उनके वार्ड में ही बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जनचौपाल शिविरों के माध्यम से वृद्धावस्था पेंशन, कल्याणी पेंशन, संबल योजना, समग्र आईडी, राशन पर्ची, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे तथा प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। महापौर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जो लोग अभी तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं वे सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर शिविर में उपस्थित हों जिससे शासन की मंशानुरूप लाभान्वित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके इसके साथ ही वार्ड की छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करें जिससे तत्काल उनका निराकरण कराया जा सके।

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि महापौर की पहल पर आयोजित जनचैपाल शिविर नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से आमजन को अपने वार्ड में ही विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी, आवश्यक सेवाएं एवं शिकायतों के निराकरण की सुविधा मिल रही है, जिससे लोगों का समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशा है कि समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को शासन की सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो उसके लिए जनचैपाल शिविरों में नागरिकों को लाभान्वित कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य संगीता शैलेष जैन एवं कंचन सोमेश जड़िया, धर्मेंद्र गुड्डा खटीक, पार्षद रानी आशुतोष पराग बजाज, रूबी पटेल, पार्षद प्रतिनिधि, उदय चैहान, डब्बू साहू, कृष्ण कमार पटैल, श्रीकांत जैन, वीरेंद्र जैन, गोपाल घोशी, सुशील जैन, कौशल पहलवान, नीलेश जैन,उपायुक्त एस एस बघेल, सहायक यंत्री संजय तिवारी, इंजीनियर शिवेंद्र सिंह, सुरेश लारिया, योजना प्रभारी जया श्रीवास्तव, प्रकाश प्रभारी आसिमा तिर्की, एनयूएलएम सिटी मैनेजर विक्रम जैन, आसिफ खान, मंगल तिवारी, पीयूष जैन सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2026 -27 /88 — **सूचना** — सागर दिनांक 03/08/26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुये है। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते है।

प्रकरण क्रमांक	वार्ड का नाम म.न./प्लाट	किस आधार पर	नाम बेचवार/वसीयतदाता/दानदाता/वंशानुक्रम द्वारा	जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है
921 26/27	रामपुरा	रजि. बैनामा शपथ पत्र	सोनम पति नवीन समैया पुत्री कमल कुमार जैन	मुक्ता पति सत्येंद्र जैन
922 26/27	अम्बेडकर	रजि. बैनामा शपथ पत्र	काति बाई पति सुनील चौधरी	निशिता एवं सौम्या दोनों पुत्रिया संदीप खटीक
923 26/27	अम्बेडकर	रजि. बैनामा शपथ पत्र	आनंद पिता वीरेंद्र कुमार गुप्ता	प्रीति पति संदीप भोजक (खटीक)
924 26/27	अम्बेडकर	रजि बैनामा शपथ पत्र	मेसर्स- शारदा एसो. द्वारा पार्ट. शिवराज पिता हरिप्रसाद शुक्ला	उमा पति रमेश कुमार एवं शुभी पुत्री रमेश कुमार तामकार
925 26/27	अम्बेडकर	रजि बैनामा शपथ पत्र	पुष्पा पति दिनेश बड़ोन्या (सोनी)	साधना पति अनुपम बोहरे
926 26/27	अम्बेडकर	रजि बैनामा शपथ पत्र	सत्यार्थ पिता सुनील कुमार सोनी एवं अजय कुमार पिता बलराम तिवारी	प्रीति पति संदीप भोजक
927 26/27	बाघराज	रजि बैनामा शपथ पत्र	विपिन पिता स्व. विनोद एवं अर्चना पति विपिन जैन	दीप्ती पति राजेन्द्र सिंह लोधी
928 26/27	तिली	रजि बैनामा शपथ पत्र	कलू पिता स्व. अन्त अहिरवार	संजीव पिता स्व. गनेश प्रसाद सोनी
929 26/27	विवेकानन्द	मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र	स्व. राम शंकर पिता सुंदरलाल सोनी	सुखजीवन, राजेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, रमेश कुमार, विनोद कुमार एवं राजकुमारी सभी पुत्र /पुत्री स्व. रामशंकर सोनी
930 26/27	भगत सिंह	रजि बैनामा शपथ पत्र	आकाश कुमार एवं अनुराग दोनों पिता राजू साहू	नवनीत पिता रामेश्वर प्रसाद साहू

आयुक्त, नगर पालिक निगम, सागर

संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला था धनप्रकाश का शव

फांसी को पुलिस ने माना आत्महत्या पिता बोले- उसने नहीं की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़ागांव घसान

थानांतर्गत ग्राम सापौन में अप्रैल माह में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटके मिले युवक धनप्रकाश लोधी की मौत का मामला अब सवालों के घेरे में आ गया है। पुलिस तो प्रथम दृष्टया उक्त मामले को आत्महत्या मानकर चल रही है, लेकिन मृतक के पिता दयाराम लोधी इस निष्कर्ष को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। उनका आरोप है कि उनके बेटे धनप्रकाश की मौत सामान्य आत्महत्या नहीं, बल्कि संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविकता सामने लाई जानी चाहिए। मृतक के पिता द्वारा थाना बड़ागांव घसान में दिए गए आवेदन के अनुसार धनप्रकाश का शव 23 अप्रैल को ग्राम सापौन के चंदन सिंह के खेत में सीसीएन के पेड़ पर रस्सी से लटका हुआ मिला था। पिता का कहना है कि घटनास्थल की परिस्थितियों को लेकर कई ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब जांच के माध्यम से सामने आना जरूरी है।



जांच की उठाई मांग

आवेदन में मृतक के पिता दयाराम ने बताया कि जिस पेड़ पर धनप्रकाश का शव लटका मिला, वहां दो रस्सियां थीं। उनका दावा है कि एक रस्सी पर गीली मिट्टी लगी हुई थी, जबकि जिस रस्सी से शव लटका बताया गया, उस पर मिट्टी नहीं लगी थी। पिता के मुताबिक यह परिस्थिति जांच का विषय है और इससे घटना की परिस्थितियों को लेकर संदेह पैदा होता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि मृतक के दोनों हाथों की उंगलियों में गीली मिट्टी लगी हुई थी। पिता का सवाल है कि यदि धनप्रकाश ने स्वयं फांसी लगाई थी तो घटनास्थल पर मौजूद इन परिस्थितियों की भी बारीकी से जांच क्यों नहीं की गई। आवेदन में मृतक के पिता ने बताया कि धनप्रकाश के गले में सोने का लॉकेट पहनने की बात सामने आई थी, लेकिन शव मिलने के दौरान वह लॉकेट उसके गले में नहीं था। इसके अलावा मोबाइल फोन को लेकर भी उन्होंने संदेह जताया है। पिता के अनुसार राहुल राय ने कथित तौर पर रात करीब 10:30 बजे धनप्रकाश को करीब 1100 रुपये नकद और 900 रुपये फोन-पे के माध्यम से दिए थे। आवेदन में कहा गया है कि इन पैसों का भी मृतक की जेब में नहीं मिलना संदेह का कारण है। हालांकि इन सभी बिंदुओं की वास्तविकता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। आवेदन के अनुसार मृतक की जेब से एक कथित सुसाइड नोट भी मिला था। पिता ने इस सुसाइड नोट की परिस्थितियों और उसकी सत्यता को लेकर भी संदेह जताते हुए जांच की मांग की है। उनका कहना है कि मामले में मोबाइल फोन की कॉल डिटेल, मृतक के संपर्क में रहे लोगों से पूछताछ तथा अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की जांच कराई जाए। पिता ने आवेदन में आरोप लगाया है कि उन्हें अपने बेटे धनप्रकाश की मौत में गांव के कुछ लोगों की भूमिका होने का संदेह है।

पैसों के लेन-देन का उल्लेख

मृतक के पिता ने अपने आवेदन में धनप्रकाश और संबंधित परिवारों के बीच कथित पैसों के लेन-देन का भी उल्लेख किया है। उनका कहना है कि कूरा कुशवाहा ने अपनी बेटी की शादी के लिए धनप्रकाश से कथित रूप से दो लाख रुपये उधार लिए थे। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि बाद में पैसों को लेकर विवाद और कथित धमकी की स्थिति बनी थी। पिता ने बताया कि घटना से पहले भी धनप्रकाश को कथित रूप से धमकियां दिए जाने की बात सामने आई थी। आवेदन के मुताबिक घटना वाली रात धनप्रकाश के घर लौटने और बाद में कुछ लोगों के उसके पास आने-जाने का भी उल्लेख किया गया है। इन्हीं परिस्थितियों के आधार पर पिता का कहना है कि मामले की गहराई से जांच जरूरी है। अपने आवेदन में दयाराम लोधी ने पुलिस अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि घटनास्थल की परिस्थितियों, रस्सी, मिट्टी, मोबाइल फोन, कथित सुसाइड नोट, मृतक के गले के लॉकेट, पैसों के लेन-देन, कॉल डिटेल तथा घटना से पहले कथित धमकियों सहित सभी पहलुओं की जांच की जाए। मृतक के पिता दयाराम का कहना है कि पुलिस द्वारा मामले को आत्महत्या मान लिए जाने के बावजूद उनके मन में उठ रहे सवालों का समाधान नहीं हुआ है। उनका आरोप है कि बेटे की मौत की सच्चाई जानने के लिए वह लगातार अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं और दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।

जांच जारी है


मृतक धनप्रकाश मामले में जांच जारी है। लोगो से पूछताछ भी की जा रही है। लेकिन पीएम रिपोर्ट के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।

जयंत गोयल,
थाना प्रभारी बड़ागांव घसान

सावन में एटीएम हुए सूने, कैश के लिए भटक रही जनता

24 घंटे से अधिकांश एटीएम खाली, बैंकों में लगी लंबी कतारें, लोगों की बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा



सावन के पवित्र महीने में जहां बाजारों में खरीदारी और धार्मिक गतिविधियों के चलते लोगों की आवाजाही बढ़ गई है, वहीं पलेरा नगर में नकदी संकट ने आम जनता की परेशानी बढ़ा दी है। नगर के अधिकांश एटीएम पिछले करीब 24 घंटे से कैशविहीन बताए जा रहे हैं। एटीएम से पैसा निकालने पहुंचे लोगों को खाली मशीनों और बंद पड़ी कैश सुविधा के कारण निराश होकर लौटना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि लोग एक एटीएम से दूसरे एटीएम तक नकदी की तलाश में भटक रहे हैं और अंत में बैंकों की लंबी कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं।

कैश की कमी का सबसे अधिक असर उन लोगों पर पड़ रहा है, जिन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए तत्काल नकदी की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों से पलेरा बाजार में खरीदारी करने पहुंच रहे लोगों के सामने भी समस्या खड़ी हो गई है। सावन के चलते बाजार में लोगों की भीड़ और खरीदारी बढ़ी हुई है, लेकिन एटीएम में नकदी नहीं होने के कारण कई लोग आवश्यक सामान तक खरीद नहीं पा रहे हैं। कुछ लोगों को नकदी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बिना खरीदारी किए ही वापस लौटना पड़ रहा है। नगर में कैश संकट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एटीएम से पैसे निकालने की उम्मीद लेकर पहुंचने वाले लोग एक मशीन पर कैश नहीं मिलने के बाद दूसरे एटीएम की ओर रवाना हो रहे हैं। वहां भी स्थिति समान मिलने पर तीसरे एटीएम का रुख करना पड़ रहा है। इस भागदौड़ में लोगों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहे हैं। बुजुर्गों, महिलाओं और दूरदराज के गांवों से आने वाले ग्रामीणों को विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले करीब 24 घंटे से नगर के अधिकांश एटीएम में पर्याप्त नकदी उपलब्ध नहीं है। इससे नगद लेन-देन पर निर्भर लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। डिजिटल भुगतान की सुविधा होने के बावजूद ग्रामीण एवं छोटे व्यापारिक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग अब भी नकद लेन-देन पर निर्भर हैं। ऐसे में एटीएम खाली होने से सीधे तौर पर उनकी दैनिक जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। एटीएम खाली होने का असर अब बैंकों पर भी दिखाई देने लगा है। नकदी की जरूरत वाले लोग एटीएम के बजाय बैंक शाखाओं का रुख कर रहे हैं, जिसके कारण वहां भी लंबी कतारें लग रही हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से भी कई बार जरूरत के मुताबिक पर्याप्त नकदी उपलब्ध नहीं हो पाती। लोगों का कहना है कि कभी 20 से 30 हजार रुपये तक ही नकदी दी जाती है, तो कभी कैश उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर वापस कर दिया जाता है। व्यापारियों का कहना है कि नकदी की कमी का असर बाजार के कारोबार पर भी पड़ रहा है। जिन ग्राहकों के पास पर्याप्त कैश नहीं है, वे खरीदारी टाल रहे हैं। वहीं छोटे व्यापारियों के सामने भी रोजाना के लेन-देन और भुगतान से संबंधित समस्याएं खड़ी हो रही हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि एटीएम में नकदी पहुंचाने वाली कंपनी के कर्मचारियों की हड़ताल के चलते कैश की सप्लाई प्रभावित हुई है। इसी वजह से एटीएम में समय पर नकदी नहीं पहुंच पा रही है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक किसी जिम्मेदार अधिकारी या संबंधित कंपनी की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नगरवासियों ने बैंक प्रबंधन और प्रशासन से मांग की है कि स्थिति को गंभीरता से लेते हुए नगर के सभी प्रमुख एटीएम में तत्काल पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही बैंक शाखाओं में भी पर्याप्त कैश की व्यवस्था की जाए, ताकि ग्रामीणों, व्यापारियों, मजदूरों, बुजुर्गों और आम उपभोक्ताओं को बार-बार बैंक और एटीएम के चक्कर न लगाने पड़ें।

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पटवारी

एक ही नारा, एक ही मांग कैडर रिव्यू और वेतनमान

तीसरे दिन भी कलमबंद आंदोलन जारी, पलेरा में अधिवक्ता संघ ने दिया नैतिक समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर जिलेभर के पटवारियों की पांच सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार से लगातार जारी है। आंदोलन के तीसरे दिन बुधवार को भी तहसील पलेरा परिसर में पटवारियों ने एकत्र होकर शासन के खिलाफ प्रदर्शन किया और कार्यालयीन कार्यों का बहिष्कार करते हुए कलमबंद हड़ताल जारी रखी। पटवारियों ने एक ही नारा, एक ही मांग, कैडर रिव्यू, वेतनमान का नारा बुलंद करते हुए लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की। पटवारी संघ के बैनर तले जिले की विभिन्न तहसीलों में धरना-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पलेरा तहसील परिसर में भी समस्त पटवारियों ने धरना देकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। पटवारियों का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से शासन स्तर पर लंबित हैं और बार-बार मांग उठाए जाने के बावजूद अपेक्षित समाधान नहीं हो सका है। पटवारियों के आंदोलन के दौरान तहसील पलेरा में अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए पटवारी संघ की मांगों को नैतिक समर्थन दिया। अधिवक्ताओं के समर्थन से पटवारियों का उत्साह बढ़ा। तहसील पलेरा पटवारी संघ के अध्यक्ष सुनील अहिरवार ने अधिवक्ता संघ के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आंदोलन को अनेक किसानों और सरपंचों की ओर से भी नैतिक समर्थन प्राप्त हुआ है, जिसके लिए पटवारी संघ उनका आभारी है। पटवारी संघ का कहना है कि शासन की ओर से उनकी दो मांगों पर पूर्व में सकारात्मक आदेश किए जा चुके हैं, जिसे संघ ने अच्छी शुरुआत माना है। हालांकि पटवारियों का स्पष्ट कहना है कि जब तक कैडर रिव्यू और अन्य लंबित मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। पटवारियों की प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू लागू करना, पदोन्नति के अवसर बढ़ाना तथा समयमान वेतनमान में सुधार सहित पांच सूत्रीय मांगें शामिल हैं। संघ का कहना है कि इन मांगों को लेकर लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक सभी मांगों का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। हड़ताल का सीधा असर राजस्व विभाग से जुड़े कामकाज पर पड़ने की संभावना है। हड़ताल के चलते नामांतरण, सीमांकन, फसल गिरदावरी, भूमि संबंधी कार्यों और अन्य राजस्व सेवाओं का काम प्रभावित हो सकता है। इससे किसानों और आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। पटवारियों ने स्पष्ट किया है कि मांगें पूरी होने तक वे कार्यालयीन कार्यों का बहिष्कार जारी रखेंगे। संघ का कहना है कि आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के विरोध में नहीं, बल्कि लंबे समय से लंबित कर्मचारियों की जायज मांगों के निराकरण के लिए किया जा रहा है। धरना-प्रदर्शन के दौरान कालीचरण अहिरवार, मनमोहन तिवारी, धर्मदास सौर, राहुल सेन, सौरभ तिवारी, ऋषभ साहू, नीतेश कोली, प्रवीण चौधरी, अजीत जैन, मनीष खरे, मुकेश कुशवाहा, इसरार खान, अवधेश दुबे, रवि यादव, नरेंद्र पटेल, किशोरी अहिरवार, मुकुल चंदेल, दीपक मिश्रा, रूपक, वैभव, रामप्रीत सिंह, मोहित अहिरवार, विष्णु चंदेल, जीतेन्द्र साहू सहित समस्त पटवारी मौजूद रहे।





फाइलेरिया के खिलाफ अभियान तेज विद्यार्थियों को खिलाई दवा

बड़ागांव धसान। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे सामूहिक दवा सेवन अभियान के तहत सोमवार 4 अगस्त को बड़ागांव धसान स्थित माता बेटी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टाफ को पात्रता के अनुसार फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र देवलिया, जिला मलेरिया अधिकारी एच.एम. रावत, डॉ. सुकृत जैन, खंड चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बड़ागांव के प्रभारी गौरव उपस्थित रहे। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ को पात्रता के अनुसार डीईसी, एल्बेंडाजोल एवं इवरमेक्टिन की एक-एक खुराक अपने सामने खिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने फाइलेरिया बीमारी से बचाव और सामूहिक दवा सेवन के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बड़ागांव धसान नगर में फाइलेरिया रोधी दवा सेवन अभियान 22 जुलाई से लगातार संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत नगर के सभी 15 वार्डों को कवर करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और स्वास्थ्य विभाग की फाइलेरिया टीमों को मैदान में उतारा गया है। टीमें घर-घर पहुंचकर पात्र लोगों को दवा का सेवन करा रही हैं और उन्हें फाइलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक भी कर रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि फाइलेरिया के संक्रमण को रोकने के लिए सामूहिक रूप से दवा का सेवन कराया जाना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। समय रहते लोगों को दवा उपलब्ध कराकर बीमारी के प्रसार को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार वार्डों में भ्रमण कर रही हैं और नागरिकों को अभियान में सहयोग करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नगरवासियों से अपील की है कि जब स्वास्थ्य विभाग या फाइलेरिया अभियान की टीम उनके घर पहुंचे तो पात्र व्यक्ति दवा का सेवन अवश्य करें। अधिकारियों का कहना है कि फाइलेरिया जैसी बीमारी की रोकथाम केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें आमजन की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है।

पौधे लगाने के बाद अब संरक्षण पर कलेक्टर का जोर

महेंद्रसागर वेटलैंड क्षेत्र को जैव-विविधता क्षेत्र के रूप में विकसित का लक्ष्यः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



महेंद्रसागर वेटलैंड क्षेत्र को हरित और जैव-विविधता से समृद्ध क्षेत्र के रूप में विकसित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने पौधारोपण के साथ अब उनके संरक्षण और संवर्धन पर भी निगरानी तेज कर दी है। इसी क्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने संबंधित अधिकारियों के साथ महेंद्रसागर वेटलैंड क्षेत्र का निरीक्षण किया और अमृत हरित अभियान के तहत लगाए गए पौधों की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर श्रोत्रिय ने एक दिन पूर्व बच्चों और युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता से लगाए गए जामुन एवं अर्जुन के पौधों का पुनः निरीक्षण किया। उन्होंने पौधों की सुरक्षा के लिए नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे फेंसिंग कार्य को देखा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पौधों की वर्तमान स्थिति के साथ उनके संरक्षण के लिए किए जा रहे इंतजामों की भी जानकारी ली। कलेक्टर श्रोत्रिय ने अधिकारियों से कहा कि केवल पौधारोपण कर देने से अभियान की सफलता सुनिश्चित नहीं होगी, बल्कि लगाए गए प्रत्येक पौधे का जीवित रहना और उसका विकसित होना ही पौधारोपण की वास्तविक सफलता होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक पौधे के आसपास पर्याप्त मात्रा में मिट्टी का भराव कराया जाए, पौधों को मजबूत सहारा देकर सुरक्षित रखा जाए तथा नियमित सिंचाई और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नगर पालिका द्वारा पौधों के बेहतर संरक्षण के लिए उनके आसपास मिट्टी भरने, पौधों को व्यवस्थित ढंग से सुरक्षित करने और सुरक्षा फेंसिंग का कार्य कराया जा रहा है। कलेक्टर ने इन सभी कार्यों को व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए, ताकि पौधों को पशुओं अथवा अन्य कारणों से नुकसान न पहुंचे और उनके विकास के लिए अनुकूल वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि महेंद्रसागर वेटलैंड क्षेत्र को भविष्य में समृद्ध हरित एवं जैव-विविधता क्षेत्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। यह क्षेत्र पर्यावरण संरक्षण और जैव-विविधता संवर्धन के साथ-साथ शहरवासियों के लिए आकर्षक प्राकृतिक स्थल के रूप में भी विकसित किया जा सकता है। ऐसे में यहां लगाए जा रहे पौधों का संरक्षण सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित कर ही इस क्षेत्र को हरा-भरा और पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध बनाया जा सकेगा। कलेक्टर श्रोत्रिय ने संबंधित अधिकारियों को पौधों की नियमित निगरानी करने तथा किसी भी प्रकार की कमी सामने आने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका की प्रभारी अध्यक्ष अंजली शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया, इंजीनियर दीपक विश्वकर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

9 से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान

भाजपा की कामकाजी बैठक में कार्यक्रमों की बनी रणनीति



पलेरा। भारतीय जनता पार्टी मंडल पलेरा की मासिक कामकाजी बैठक बुधवार को नगर के विश्राम गृह में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों एवं कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी रामगोपाल चौरसिया रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी रामगोपाल चौरसिया ने नियमित कामकाजी बैठकों को संगठन की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए पिछले माह किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि 9 अगस्त से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से अभियान में पूरी सक्रियता और उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। बैठक में मंडल अध्यक्ष पवन सिंगया ने भी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच आवश्यक समन्वय एवं तैयारियों पर चर्चा हुई।

प्रत्येक सीजन में शिविर लगाकर दिया जा रहा किसानों को जैविक प्रशिक्षण

जैविक खेती से घटेगी लागत, बढ़ेगा मुनाफाः प्रभारी मुन्नीलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन एवं उप संचालक कृषि मनोज कश्यप के मार्गदर्शन में परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) के अंतर्गत पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में किसानों को जैविक खेती की आधुनिक एवं प्राकृतिक पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर प्रभारी एवं जनसेवक मुन्नीलाल यादव ने किसानों को जैविक खेती अपनाकर कृषि की लागत कम करने, उत्पादन बढ़ाने तथा जैविक उत्पादों के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जसवंत नगर के पगारा जंगल स्थित मंदिर परिसर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में किसानों को जैविक सब्जी, अनाज एवं तिलहन उत्पादन के साथ देशी गाय के दूध के उपयोग और गौ-पालन को कृषि व्यवस्था से जोड़ने के फायदे बताए गए।

हर सीजन में 2000 किसानों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य

शिविर प्रभारी मुन्नीलाल यादव ने बताया कि पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट के अंतर्गत जिले में प्रत्येक कृषि सीजन के दौरान करीब 2000 किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण देने और उनकी फसल के विक्रय के लिए बाजार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। तहसील स्तर पर किसानों को प्रशिक्षण से जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। प्रत्येक प्रशिक्षण शिविर में लगभग 50 किसानों का दल बनाकर उन्हें जैविक कृषि की तकनीक, लागत प्रबंधन, उत्पादन, प्रमाणन और विपणन से जुड़ी जानकारी दी जा रही है।



जैविक खेती व नशामुक्त समाज निर्माण में सहभागी बने किसान

जनसेवक मुन्नीलाल यादव ने जैविक खेती के प्रति जागरूक करने के अलावा किसानों से स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान करते हुए गुटखा, तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट एवं शराब जैसे नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की। शिविर में टीकमगढ़ एसएडीओ केपी अहिरवार ने परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जैविक खाद, जीवामृत एवं घन जीवामृत तैयार करने तथा खेतों में इनके उपयोग की विधि का विस्तार से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र किसानों से योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। वहीं दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट के प्रभारी भुनेश्वर राय ने किसानों को जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक सावधानियों एवं जैविक खेती से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी। मंगल सिंह ठाकुर ने किसानों को रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर जैविक एवं पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में जैविक उत्पादों के प्रमाणन, बाजार उपलब्धता, विपणन तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की गईं।

उर्वरता, पर्यावरण व आर्थिक मजबूती देने में सहायक जैविक

पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट शिविर प्रभारी मुन्नीलाल यादव ने कहा कि जैविक खेती को केवल रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के विकल्प के रूप में नहीं, बल्कि मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने वाली टिकाऊ कृषि प्रणाली के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने जैविक खेती से जुड़े विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर, लाभकारी और टिकाऊ कृषि प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देना रहा। शिविर के अंत में लखन लाल यादव ने उपस्थित किसानों, अधिकारियों एवं प्रशिक्षणदाताओं का आभार व्यक्त किया।

रात होते ही नशेडियों का अड्डा बन जाती है सूबात कचहरी

सूबात कचहरी पर बुलडोजर चले तो रुक सकता है नशे का चलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पीडब्ल्यूडी द्वारा जर्जर घोषित किया जा चुके पुराना जिला न्यायालय का भवन (सुबात कचहरी) जिसे अब किसी व्यवसाई ने खरीद लिया है लेकिन आज भी यह भवन जर्जर होकर गिरने के कगार पर खड़ा है। इस भवन के गिरने से कभी भी जनहानि हो सकती है। लोगों के सिर पर मौत बनकर खड़े इस भवन के भीतर जिले में नशे का सबसे बड़ा नशा घर संचालित हो रहा है। नशेड़ियों का मुख्य अड्डा बन चुके सुबात कचहरी में दिन भर नशेड़ी इंजेक्शन से अपनी नसों में नशा डालते रहते हैं अगर इस भवन पर प्रशासन जनहित को ध्यान में रखते हुए बुलडोजर चला देता है तो उससे न तो किसी को कोई नुकसान होगा न ही कोई आपत्ति करेगा। अलबत्ता इसके कभी भी गिर जाने से होने वाली जनहानि को बचाया जा सकेगा। साथ ही नशे के अड्डे को भी खत्म किया जा सकता है। जिसके लिए सरकार के निर्देश पर कलेक्टर शीला दाहिमा और एसपी मोती उर रहमान श्योपुर को नशामुक्त जिला बनाने का अभियान चला रहे हैं।



पूर्व में की गई थी बैरिकैडिंग

यह भवन न सिर्फ मानवीय उपयोग के लिए खतरनाक है बल्कि बीच बाजार में खड़े इस भवन के कभी भी गिर जाने का अंदेशा है जिसके चलते पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर शिवम वर्मा ने इस भवन की दीवार पर जगह-जगह लिख दिया था कि यह भवन जर्जर है इससे दूर रहें। यही नहीं भवन के पांच-पांच फीट दूर रोड पर तार फेंसिंग भी कर दी गई थी ताकि लोग इस चपेट में आकर जान न गवा दें पर की गई फेंसिंग और लोहे की एंगल भी चोर उखाड़ कर ले गए और मौत बनकर लोगों के सिर पर खड़े इस भवन में नशे का कारोबार खूब फल फूल रहा है।

सुबात चौराहा से आगे किला रोड पर बनी सुबात कचहरी विगत दो दशकों से भी अधिक समय से खाली खंडहर बनकर नशेड़ियों का अड्डा बन चुकी है कभी जिला न्यायालय का अधिकार रखने वाली यह बिल्डिंग आज नशेड़ियों का अड्डा बन गई है। इस भवन से न्यायालय नए भवन में शिफ्ट होने के बाद ताला डाल दिया गया और उसके बाद प्रशासन ने इसकी सुध नहीं ली। ताला डला होने के बावजूद नशेड़ी से कचहरी में दीवार फोड़ कर घुस रहे हैं। खारा कुआं के पास (पीछे वाला रास्ता) से कचहरी में घुसने के लिए रास्ता दीवार तोड़कर बनाया गया है यहीं से नशेड़ी नशा करने के लिए अंदर घुस रहे हैं। इस खंडर में स्मैक का नशा करने वाले नशेडियों के नशे में उपयोग होने वाले एविल इंजेक्शन की खाली शीशी और सिरिंज के ढेर इधर उधर पड़े बिखरे दिखाई पड़ जाएंगे।

कॉम्प्लेक्स के लिए बनाई योजना, बोली लगाकर बेचा

बीच बाजार में स्थित सुबात कचहरी भवन अनुपयोगी और खंडहर हो जाने के कारण प्रशासन ने इसे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और बनाने के लिए हाउसिंग बोर्ड को सौंपा था। तत्कालीन कलेक्टर शिवम वर्मा ने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स आधुनिक तरीके से बनाए जाने के लिए प्लानिंग भी कर ली थी लेकिन हाउसिंग बोर्ड ने इसे ऑनलाइन बोली लगाकर बेच दिया। जिससे बेरोजगार युवाओं को इस प्रस्तावित शॉपिंग में दुकान लेकर स्वरोजगार का देखा सपना भी चूर हो गया। अब जब इस भवन को जर्जर बताकर खाली करा लिया गया है तो फिर इसे गिराने में किसे आपत्ति हो सकती है।

इनका कहना है...

सुबात कचहरी का भवन जर्जर है जिस पर हमने जनहित में भवन से दूर रहने के लिए सूचना लिखवाई थी तत्कालीन कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी के माध्यम से बेरीकेटिंग भी कराई थी। इस भवन को तोड़ने का काम जिला प्रशासन ही कर सकता है क्योंकि इस भवन का ऑक्शन भी वहीं से हुआ था।

सत्यभानु जाटव
एचओ नगरपालिका श्योपुर

भैंस चोरी मामले में जब्त था लोडिंग वाहन, न्यायालय के आदेश पर जा रहा था छूटकर

लोडिंग वाहन को रोककर चालक को पीटा, वाहन में भी कर दी तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

न्यायालय के आदेश पर मानपुर थाने से छूटकर जा रहे लोडिंग वाहन को आधा दर्जन से ज्यादा लोगो ने रास्ते में रोककर न सिर्फ लोडिंग वाहन की तोडफोड कर दी,बल्कि लोडिंग वाहन चालक की भी गाली गलौज करते हुए मारपीट कर डाली।

यह घटनाक्रम बीती शाम को जैनी मानपुर के बीच स्थित सात खंभा हनुमान मंदिर के पास का है। जिस लोडिंग वाहन में तोडफोड की गई,वह लोडिंग वाहन भैस चोरी मामले में पुलिस के द्वारा जब्त किया गया था। मानपुर पुलिस ने इस मामले में लोडिंग वाहन चालक की रिपोर्ट पर एक नामजद तथा सात अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, तोडफोड और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

बता दें कि पिछले महीने के दौरान हीरापुर गांव से कुछ भैसे चोरी हो गई थी। चोरी गई भैसों को लोडिंग वाहन में भरकर ले जाया गया था। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने भैस मालिक मनोज सिकरवार की रिपोर्ट पर चोरी का मामला दर्ज किया और फिर भैस चोरी का खुलासा करते हुए न केवल भैस चोरो को अरेस्ट किया,बल्कि वह लोडिंग वाहन भी जब्त कर लिया गया,जिसमें भैसे भरकर ले जाई गई थी। भैस चोरी मामले में जब्त होकर मानपुर थाने में रखे इस लोडिंग वाहन को मंगलवार के रोज पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर छोड दिया। जब लाखन पुत्र ओमप्रकाश माहौर निवासी जयपुर इस लोडिंग वाहन को वाहन मालिक के कहे अनुसार थाने से लेकर गतंव्य की ओर जा रहा था,तभी सात खंभा हनुमान मंदिर के पास करीब 8 लोगो ने उसके लोडिंग वाहन को रूकवा और लाखन की नीचे उतारकर मारपीट करने के साथही लोडिंग वाहन में तोडफोड कर दी।

मानपुर टीआई सतीश कुमार दुबे ने बताया कि इस मामले में लाखन पुत्र ओमप्रकाश की रिपोर्ट पर मुकेश सिकरवार तथा सात अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओ में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

उच्च न्यायालय के निर्देश छात्र हित में, अब गेंद सरकार के पाले में

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

छात्र संघ चुनाव को लेकर उच्च न्यायालय का फैसला सराहनीय है, अब गेंद सरकार के पाले में है कि वह कोर्ट के फैसले की पालना में कॉलेज में छात्र संघ के चुनाव कब और किस तरह कराती है। अप्रत्यक्ष प्रणाली से होने वाले चुनाव में निर्वाचित प्रतिनिधि दबाव में रहता है जबकि प्रत्यक्ष प्रणाली से होने वाले चुनाव में निर्वाचित प्रतिनिधियों को काम करने की स्वतंत्रता रहती है इसलिए प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराए जाएं यह मांग एनएसयूआई पूरे प्रदेश में आंदोलन चलाकर करेगी। यह बात एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पियूष शिवहरे ने बुधवार को एक होटल में प्रेस वार्ता आयोजित करते हुए पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही।



एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष ने पत्रकारों को बताया कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा छात्र संघ चुनाव के संबंध में लगाई गई याचिका पर शासन को अकादमी कैलेंडर 2026-27 के अनुसार सितंबर माह में छात्र संघ चुनाव आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। सब सरकार कोर्ट के आदेश की सुनवाई किस तरह करती है इस पर हमारी नजर रहेगी। साथ ही सरकार से मांग करेंगे कि वह कोर्ट के निर्देश अनुसार तत्काल छात्र संघ के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाने की कार्रवाई शुरू करें क्योंकि प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने पर निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपनी बात रखने मनवाने की स्वतंत्रता होती है जबकि सीआर द्वारा प्रतिनिधि का चुनाव करने से वह दबाव में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर एनएसयूआई पूरे प्रदेश में अभियान चलाएगी और सरकार पर दबाव बनाएगी कि वह छात्रों को छात्र राजनीति में प्रत्यक्ष रूप से भागीदारी करने दे।

शासन की मनाही के बाद भी कराया जा रहा ऑफ़ लाइन काम, आंगनबाडी यूनियन सौंपेगी ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भारत सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की सेवाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से पोषण ट्रेकर ऐप शुरू किया गया है जिसमें विभाग के समस्त कार्रवाई के साथ दैनिक गतिविधि को भी मोबाइल के माध्यम से तत्काल इंद्राज करना होता है। साथ ही मध्य प्रदेश सरकार सरकार भी संपर्क एप के माध्यम से यही गतिविधियां अपनी वेबसाइट पर डलवा रही है। इसके बावजूद श्योपुर परियोजना में महिला बाल विकास विभाग ऑफलाइन रजिस्टर भरवाने का काम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से करवा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यूनियन की जिलाध्यक्ष राजकुमारी राजपूत ने इस संबंध में शीघ्र ही प्रदर्शन करने चेतावनी दी है।

महिला बाल विकास विभाग की 11 प्रकार की योजनाओं को आंगनवाड़ी पर संचालित किया जाता है इन सभी 11 प्रकार की योजनाओं के लिए पहले 11 अलग-अलग रजिस्टर बनाए जाते थे



जिनमें हर योजना की जानकारी अलग-अलग भरी जाती थी लेकिन भारत सरकार ने अपनी योजनाओं की जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से पोषण ट्रैकर नाम से ऐप बनाया है जिसके माध्यम से अब यह सभी जानकारी उक्त पोर्टल पर डालकर ऑनलाइन की जा रही हैं। संपर्क ऐप के माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार भी अलग से पोर्टल पर भी यह जानकारी ऑनलाइन डलवा रही है जिसके बाद 11 रजिस्टर बनाने का काम बंद कर दिया गया है पहले सरकार से यह रजिस्टर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निशुल्क मिलते थे लेकिन अब रजिस्टर मिलना भी बंद हो गए हैं पर श्योपुर परियोजना में आई नई सीडीपीओ कार्यकर्ताओं पर पुराने तरीके से रजिस्टर भरने का दबाव बना रही है अब कार्यकर्ताओं के पास ना तो रजिस्टर है और ना रजिस्टर खरीद कर लाने के लिए पैसे और न हीं वह इतना अधिक काम करना चाहती हैं, जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। यूनियन के जिला अध्यक्ष राजकुमारी ने कहा कि पहले ही मध्य प्रदेश द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से पोषण ट्रैक्टर के बाद संपर्क ऐप में भी वही जानकारी भरवाने से कार्यकर्ताओं को दोगुनी मेहनत करना पड़ रही है इसके लिए हम लगातार संपर्क एप को बंद करने के लिए प्रदर्शन कर ज्ञापन दे रही हैं ऊपर से परियोजना में आई नई सीडीपीओ जबरदस्ती पुराने ढर्रे से 11 रजिस्टर भरवाने का दबाव डाल रही है ऐसी मनमानी के खिलाफ शीघ्र ही कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा।

दिव्यांगों को बस किराये में मिलेगी छूट,जारी किए निर्देश

श्योपुर। यात्री बसो में अब दिव्यांगजनो को यात्री किराए में छूट मिलेगी। इसके संबंध में कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी जगदीश भील ने जिले के समस्त बस संचालकों एवं ऑपरेटरों को निर्देश जारी कर दिए है कि दिव्यांग यात्रियों को शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानो के तहत यात्रा के दौरान बस किराये में रियायत प्रदान की जाये। उन्होंने बताया कि जिले के दिव्यांगजनों द्वारा जनसुनवाई एवं अन्य माध्यमों से अवगत कराया गया है कि वैध दिव्यांग प्रमाण-पत्र अथवा यू.डी.आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने के बावजूद कुछ बस संचालकों द्वारा निर्धारित किराया रियायत का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इसको गंभीरता से लेते हुए बस संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी बसों में दिव्यांग किराया रियायत संबंधी सूचना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित (चस्पा) करें, ताकि पात्र दिव्यांगजन शासन की इस सुविधा का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में यदि किसी दिव्यांग यात्री से वैध दिव्यांग प्रमाण-पत्र अथवा यू.डी.आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने के बाद भी पूरा किराया वसूले जाने की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित बस संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पर्यटन क्विज के साथ ही श्योपुर को जानो प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा

श्योपुर। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों एवं पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से छात्रो को अवगत कराने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज-2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रतियोगिता के साथ क्रियेटिव श्योपुर की संकल्पना अंतर्गत श्योपुर को जानो प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। श्योपुर जिले में पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 07 अगस्त 2026 को शा. पॉलिटेक्निक कॉलेज बायपास रोड श्योपुर में होगी। जिले में इस हेतु 107 विद्यालयों ने पंजीयन कराया है, इसमें प्रत्येक हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल से 03 छात्र-छात्राओ की टीम प्रतिभागियों के रूप में भाग लेगी।

पहले लक्ष्य निर्धारित करें, फिर उसे हासिल करने के लिए मेहनत करें:एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

छात्र-छात्राएं स्कूल और कॉलेज की शिक्षा को ग्रहण तो करते हैं लेकिन उन्हें ये पता नहीं होता कि आगे चलकर उन्हें क्या बनाना है। इसके लिए आवश्यक है कि पहले सभी छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और फिर लक्ष्य को हांसिल करने के लिए पूरी ईमानदारी और लगन के साथ मेहनत करना चाहिए। यदि ईमानदारी और लगन से मेहनत की जाएगी तो निश्चित रूप से लक्ष्य की प्राप्ति होगी।

यह बात एसपी मोती उर रहमान ने बुधवार को उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर में आयोजित सृजन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान एसपी ने स्कूली बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें आगे बढने के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। कार्यक्रम में उपस्थित जिला अभियोजन अधिकारी प्रवीण दीक्षित ने स्कूली बच्चों को भारतीय संविधान एवं पोक्सो एक्ट तथा अंकित शांडिल्य पैरा लीगल वालंटियर ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम जे जे एक्ट संबंधी प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी। यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत ने यातायात जागरूकता एवं रोड सेफ्टी विषय को लेकर स्कूली बच्चों को जागरूक किया,वहीं महिला थाना टीआई यास्मीन खान ने महिला सुरक्षा तथा महिला आरक्षक प्रियल पाठक ने स्कूली बच्चों को साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की।



अंदेशा: कहीं निर्माण में हो रही देरी से छिन न जाए सौगात

शासन से मिली राशि, जमीन आवंटित, फिर भी शुरू नहीं हुआ 50 बेड के आयुर्वेदिक अस्पताल भवन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिले में मंजूर हुए 50 बेड के आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए शासन की ओर से राशि जारी कर दी गई है। वहीं इसका निर्माण किए जाने के लिए जमीन का आंवटन और सीमांकन भी हो चुका है। मगर इसके बाद भी इस आयुर्वेदिक चिकित्सालय भवन का निर्माण कार्य अभी तक भी निर्माण एजेंसी ने धरातल पर शुरू नहीं किया है। ऐसे में इस सौगात के मिलने पर खुशी व्यक्त कर रहे जिले के कई लोगो को अंदर ही अंदर यह डर भी सता रहा है कि कहीं जिम्मेदारों की अरूचि से निर्माण कार्य शुरू होने में हो रही देरी से श्योपुर को मिली आधुनिक आयुर्वेदिक चिकित्सालय की सौगात छिन न जाए।

बता दे कि श्योपुर जिले में वर्तमान में आधुनिक आयुर्वेदिक चिकित्सालय जैसी कोई सुविधा नहीं है। इसलिए मप्र सरकार के द्वारा पिछले साल 2025 में श्योपुर जिले में 50 बेड का आयुर्वेदिक चिकित्सालय खोलने की घोषणा की गई। वर्ष 2025 के बजट में सरकार ने इस आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए 14 करोड 95 लाख रूपए की मंजूरी भी प्रदान कर दी। वहीं आयुर्वेदिक चिकित्सालय भवन निर्माण किए जाने का कार्य भवन विकास निगम को सौंपा गया है। शासन की मंजूरी मिलने के बाद जिले में आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए जमीन की तलाश शुरू की गई। बताया गया है कि नागदा स्थित मेडिकल कॉलेज से करीब एक किलोमीटर दूर किलगांवडी मौजा में इस आयुर्वेदिक चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए प्रशासन की ओर से 8 हेक्टेयर भूमि आंवटित कर दी गई है तथा आंवटित भूमि का प्रशासन की ओर से सीमांकन भी कर दिया गया है। इसके बाद आंवटित भूमि पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निर्माण कार्य शुरू हो जाना चाहिए। मगर आवंटित भूमि पर अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिसके चलते कई तरह के सवाल खडे हो रहे है।



आयुर्वेद कॉलेज के छात्रों के लिए लर्निंग सेंटर के रूप में काम करेगा चिकित्सालय

बताया जा रहा है कि श्योपुर में 14 करोड 95 लाख रूपए की लागत से 50 बेड का जो आयुर्वेदिक चिकित्सालय भवन मंजूर किया गया है,वो चिकित्सालय भवन आधुनिक होगा। इस आधुनिक आयुर्वेदिक चिकित्सालय में जिले के जरूरत मंद लोगो को भर्ती करके उन्नत आयुर्वेदिक उपचार और जड़ी-बूटियों पर आधारित चिकित्सा उपलब्ध कराए जाएगी। इतना ही नहीं,यह चिकित्सालय भवन आगामी दिनो में श्योपुर में खुलने वाले आयुर्वेदिक कॉलेज के छात्रो के लिए प्रैक्टिकल लर्निंग सेंटर के रूप में कार्य करेगा। यह चिकित्सालय बनने के बाद श्योपुर जिले में आयुर्वेद डॉक्टर और स्टाफ की संख्या में बढोत्तरी होना तय हो गई है। जिसके चलते श्योपुर जैसे दूरस्थ जिले में निवासरत लोगो को प्राकृतिक चिकित्सा सुविधा मिलने की उम्मीद बंधी है। जो जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए एक बड़ा कदम साबित होगी।

कम होगी दूसरे शहरों पर इलाज की निर्भरता

श्योपुर में 50 बेड का जो आयुर्वेदिक चिकित्सालय भवन मंजूर हुआ है, वो काफी आधुनिक होगा तथा इसी भवन के समीप आगामी दिनों में आयुर्वेदिक कॉलेज भी बनेगा। बताया जा रहा है कि 50 बेड का ये आधुनिक आयुर्वेदिक चिकित्सालय बनने के बाद जिले के लोगो को न सिर्फ बेहतर पंचकर्म और अन्य पारंपरिक चिकित्सा सुविधाएं मिलना शुरू हो जाएगी, बल्कि स्थानीय लोगों की दूसरे शहरों पर इलाज के लिए निर्भरता भी कम हो जाएगी। इसके साथही एक किलोमीटर के दायरे में मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और आयुर्वेदिक अस्पताल व कॉलेज भी स्थापित हो जाएगें। क्योकि मेडिकल कॉलेज पहले से ही किलगांवडी गांव के पास मौजूद नागदा गांव में संचालित हो रहा है। वहीं नर्सिंग कॉलेज भी मेडिकल कॉलेज के नजदीक ही बनेगा।

इनका कहना है...

50 बेड के आधुनिक आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए किलगांवडी में 8 हेक्टेयर भूमि आवंटित हो गई है। जिसका सीमांकन भी प्रशासन की ओर से करा दिया गया है। मगर अभी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। इसी आवंटित जगह पर आगामी दिनों में आयुर्वेदिक कॉलेज भी बनाया जाएगा। इसकी पूरी उम्मीद है।

डॉ जीपी वर्मा
प्रभारी जिला आयुष अधिकारी,श्योपुर

50 बेड के आधुनिक आयुर्वेदिक चिकित्सालय की मंजूरी श्योपुर जिले के लिए एक बडी सौगात है। इसके लिए न सिर्फ शासन से राशि जारी हो गई,बल्कि जमीन भी आवंटित हो गई है। मगर इसके बाद भी आयुर्वेदिक चिकित्सालय भवन का निर्माण अभी तक शुरू नहीं किया गया है। इस संबंध में मैने जिले के प्रभारी मंत्री को एक मांग पत्र सौंपकर इस आयुर्वेदिक चिकित्सालय भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाए जाने का आग्रह किया है।

संजय मंगल
नगर अध्यक्ष भाजपा श्योपुर

सहरिया समुदाय के विकास हेतु विभाग समन्वय से कार्य करें:गुड्डी

श्योपुर। मध्यप्रदेश राज्य सहरिया विकास प्राधिकरण भोपाल की अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी ने कहा कि सभी विभाग सहरिया समुदाय के विकास के लिए समन्वय से कार्य करें तथा शासन की मंशानुरूप बुनियादी सुविधाओं एवं सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक प्रदान करें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर जनजातीय छात्रावासो, आश्रमों में विद्यार्थियों को प्रदाय की जा रही सुविधाओं एवं सेवाओं, पोषण आहार अनुदान योजना, अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास योजना, अनुसूचित जनजाति राहत योजना, पीएम जनमन, धरती आबा अंतर्गत संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा भी की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता, महिला बाल विकास अधिकारी श्यामबाबू खरे, सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार, ईई पीएचई अफजल अमानुल्ला, ईई आरईएस रामअवतार अगरैया, बिजली कंपनी के डीई आसिफ ईकबाल, सीईओ जनपद कराहल अभिषेक त्रिवेदी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।



पांचों कॉलोनी में बंदरों का आतंक, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

वीरपुर तहसील मुख्यालय से सटे पांचो कॉलोनी में इन दिनों बंदरों ने आतंक मचाया हुआ है। सैकड़ो की संख्या में लाल मुंह वाले बंदर बस्ती में आ गए हैं जो घरों की छत पर सूख रहे कपड़े इत्यादि को उठा ले जाते हैं और फाड़कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। दुकानों से सामान उठा ले जाना महिलाओं बच्चों से सामान बस्ता इत्यादि छीन कर फाड़ डालने की घटना आम हो गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग को बंदरों से मुक्ति दिलाने के लिए गुहार लगाई है।पांचों कॉलोनी की हर सड़क पर बंदरों का झुंड घूमता दिखाई पड़ना आम बात हो गई है। अगर गलती से भी किसी ने कोई सामान खुला छोड़ दिया तो बंदर उस पर हमला कर गायब कर देते हैं बच्चों को स्कूल जाने भेजने और लाने के लिए अभिभावकों की ड्यूटी अलग से लग गई है अकेले बच्चों को घर से बाहर भेजने में भी लोगों को डर लगने लगा है। कई बार बच्चों के बस्ते फाड़ने की घटनाएं भी हो चुकी है। दुकानों पर रखे खाने के सामानों को पलक झपकते ही बंदर उठा कर ले जाते हैं। कुल मिलाकर बंदरों से ग्रामीण बुरी तरह परेशान हो गए हैं इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए उन्होंने वन विभाग से गुहार लगाई है लेकिन वन विभाग भी उनकी सुनवाई करने के बजाय अनसुनी कर रहा है।



खबर संक्षेप

अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोर घायल

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत माता मोहल्ला निवासी विनेन्द्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बाईक चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसके बेटे को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।

सर्प दंश से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत जितेन्द्र पाल निवासी डुंगासरा को सर्प ने डस लिया था, जिसके बाद परिवार जन उसे चंदेरी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है,मामले की जांच की जा रही है।

प्रति शुक्रवार आमजन के बीच पहुंचेगा प्रशासन

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार जिले में 07 अगस्त से मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की शुरूआत होगी। यह अभियान 8 जनवरी 2027 तक संचालित किया जायेगा। इस अभियान में मंत्रीगण,राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी मैदानी भ्रमण कर आमजन से संवाद कर समस्याओं का निराकरण करेगें। साथ ही अधिकारियों द्वारा क्षेत्र की शासकीय संस्थाओं का चेकलिस्ट अनुसार निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगें। शिविर माह अगस्त में 07 अगस्त को विकासखण्ड मुंगावली के ग्राम पंचायत बीड सरकार में,14 अगस्त विकासखण्ड चंदेरी के नगरपरिषद चंदेरी में,21 अगस्त को विकासखण्ड अशोकनगर के ग्राम पंचायत कजराई में, 28 अगस्त को विकासखण्ड ईसागढ़ के ग्राम पंचायत कदवाया में आयोजित किये जायेगें।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी बाबूलाल पनिका ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवपुरी निवासी राजीव जैन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत धतुरिया निवासी हरिचरण रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ख्यालीराम, श्रीराम, शीलचन्द और धर्मेन्द्र साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बारमहू निवासी अमरसिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लखन सिंह रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी कांताबाई रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहर सिंह, शुभम सिंह, सरोज सिंह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत खानपुर, नयाखेडा निवासी गोविन्द आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पप्पू और रम्भा आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टोड़ा नई वस्ती निवासी बृजलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकिशन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयागांव निवासी सिरकमल सिंह गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इन्द्रभान, लल्लीराम, जगदीश, शिशुपाल, उदयभान, कोमल सिंह रामवती बाई, नीरज बाई, क्रेश बाई गुर्जर ने एक राय होकर फरियादी की लाठी डंडो उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से इन्द्रभान गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सबाइलाल, हरवीर, मोहन, रणवीर, श्रीराम, रामकुमार धमेन्द्र, सुरेन्द्र,मोहन बाई, कल्लों बाई, सरकमल गुर्जर ने लाठी डंडो और फरसों से मारपीट की। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत मक्तनखेडी निवासी बाबूलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ओमकार हरकिशन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

पछाड़ी के कई सर्वे नंबरों पर नाले गायब, गोरा घाट से निकली नदी का अता-पता नहीं

शहर में नालों की जमीन पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में भू माफिया इस तरह से सक्रिय हैं कि शासकीय जमीनों को बचने भी नहीं दे रहे हैं और तो और नालों की जमीनों को भी गायब कर दिया गया है। यह भी सभी जानते हैं कि अशोकनगर के तुलसी सरोवर के निर्माण से पहले एक पछाड़ी खेडा की नदी भी हुआ करती थी, उस नदी का भी अता पता नहीं हैं जितनी भी कार्यवाहियां हो रही हैं या तो वह अखबारों में छपी खबरों के कारण हो रही हैं या फिर जन सुनवाई में आने वाली शिकायतों के बाद प्रशासन जाग रहा है।

इसी क्रम में पछाड़ी के सर्वे नंबर 153 की भूमि को लेकर तहसीलदार अशोकनगर द्वारा नोटिस भी जारी किए गए हैं, जिनमें विनोद जैन, सीमा अहिरवार, दिनेश, निरंजन, आदि शामिल हैं। एसडीएम इसरार खान ने बताया कि उक्त सर्वे नंबर की भूमि को लेकर तहसीलदार द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। यह भी बताया जाना जरूरी है कि शहर में जितने भी नाले निकले थे उनमें अगर एक दो नालों को छोड़ दे तो शेष नालों की जमीन गायब है, सबसे बड़ी बात तो यह है कि पछाडी खेडा की नदी जो तुलसी सरोवर से ईसागढ रोड जाकर मिलती थी उस नदी का भी अता पता नहीं है। 70 के दशक में वर्धमान स्कूल के तत्कालीन शिक्षक कौदूलाल द्वारा एक शिक्षकों को भ्रमण कार्यक्रम भी बनाया गया था,जिसमें इस दल ने ईसागढ रोड से अशोकनगर शहर में आने वाली पछाड़ी खेडा की नदी तक भ्रमण किया था, उस समय तालाब नहीं था, तालाब का निर्माण तो 1977 में हुआ, उसके बाद नदी गायब हो गई।





शहर में कॉलोनाईजरों की कतार, चारों तरफ कॉलोनी ही कॉलोनियां


शहर में कॉलोनाईजरों की संख्या इतनी अधिक हो गई है कि 5 किलोमीटर से लेकर 7 किलोमीटर की परिधि में कॉलोनियां ही कॉलोनियां नजर आ रही है। शहर तो शहर ग्रामीण अंचलों में भी कॉलोनियां कटना प्रारंभ हो गई हैं। शहर ग्रामों में पहुंच गया है। कॉलोनाईजर होने के साथ साथ प्लॉटों का सौदा करने और कराने वाले दलालों की संख्या भी इतनी अधिक हो गई है कि हर रोज दो नए दलाल पैदा हो रहे हैं। इन दलालों के न तो कोई लायसेंस हैं न कोई इस तरह का व्यापार करने की कोई परमिशन या फिर स्वीकृति की व्यवस्था है, शहर में कॉलोनाईजरों का जाल फैल गया है। कॉलोनियों को लेकर भी शासन ने गाईडलाईन जारी की है लेकिन उस गाईडलाईन का कोई पालन नहीं हो रहा है जिसके कारण आए दिन विवाद सामने आते हैं। लोगों को अपनी जमीन बचाना मुश्किल हो रहा है कब किसकी जमीन पर कब कब्जा हो जाए कोई अता पता नहीं हैं।

कॉलोनी काटी लेकिन सुविधाएं नहीं, नागरिक सामने आए

स्थानीय पुरानी तहसील के सामने स्थित केशरबिहार कॉलोनी को लेकर यहां रहने वाले रहवासियों ने बताया कि कॉलोनाईजर ने कॉलोनी काट दी है लेकिन यहां पानी की निकासी है, न खंबो पर लाईट है न नाली की सफाई हो पा रही है और पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। इस दौरान माधौ सिंह रघुवंशी, अभयराज रघुवंशी ने पत्रकारों को बताया कि इस कॉलोनी में कोई व्यवस्था नहीं है, खंबों पर बिजली नहीं होने के कारण हमेशा चोरी का खतरा बना रहता है,उनका कहना था कि 28 जुलाई को भी जनसुनवाई में उनके द्वारा शिकायत की गई थी, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। अभी तक यह पता नहीं है कि यह कॉलोनी नगरपालिका को हैण्डओवर हुई है या नहीं।

राजपुर में स्वास्थ्य केन्द्र की बाउंण्ड्री वॉल का निर्माण अतिक्रमण के कारण रुका

जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर राजपुर में स्वास्थ्य केन्द्र के नए भवन का निर्माण हो चुका है, पिछले दिनों एसडीएम इसरार खान और बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई थी, तब इस बैठक में यह मामला सामने आया था, आज तक यह भवन शासन को समर्पित नहीं हो पाया है क्योंकि यहां बांउण्ड्री वॉल का निर्माण होना है और बांउण्ड्री वॉल अधूरी हैं, यहां बाउण्ड्री वॉल का निर्माण इसलिए नहीं हो पा रहा है क्योंकि यहां पर 6 लोगों ने यहां खाली जगह पर कब्जा कर लिया है या फिर मकान बना लिया है, जिनमें सर्वे नंबर 784 की भूमि पर शाहरूख, साहिद, जाबेद, सभी पुत्र महबूब खां, हसीना बानों पत्नि राजू खां, पातिराम पुत्र कन्हैयाराम कुशवाह, और देवी सिंह पुर दिमा सिंह कुशवाह शामिल हैं। इन सभी को नोटिस जारी किए गए है।



पश्चिम बंगाल में आयोजित राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में भाग लेने टीम रवाना




हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

पश्चिम बंगाल के चिनसुराह, हुगली (कोलकाता) स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स एरिना में 7 अगस्त से 9 अगस्त तक आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित केएआई सब जूनियर कैडेट एवं जूनियर राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने सागर जिले के कराटे खिलाड़ी उत्साहपूर्वक रवाना हुए। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता ऑल बंगाल स्पोर्ट्स कराटे-डो एसोसिएशन द्वारा कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (केएआई) के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों के श्रेष्ठ खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अमेच्योर कराटे डेवलपमेंट एसोसिएशन सागर के खिलाड़ियों का दल मुख्य प्रशिक्षक एवं महासचिव सेंसेई संदीप अग्रवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रवाना हुआ।

इस अवसर पर अमेचर कराते एसोसिएशन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष शिहान जयदेव शर्मा एवं अमेचर कराते एसोसिएशन मध्यप्रदेश के महासचिव सेंसेई परितोष शर्मा ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अधिक से अधिक पदक जीतकर मध्यप्रदेश एवं सागर जिले का नाम रोशन करने की कामना की। कोच, अभिभावकों एवं कराटे प्रेमियों ने भी टीम का उत्साहवर्धन करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शाढ़ौरा मंडल अध्यक्ष बने दिलीप यादव



शाढ़ौरा। भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता दिलीप यादव परवई को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शाढ़ौरा मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष का माहौल है। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही उन्हें सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया।



हजारेश्वर मंदिर में शिव आराधना की गई

अशोकनगर। विश्व माँगल्य सभा द्वारा गड़ी स्थित हजारेश्वर मंदिर में पांच स्त्रोत पाठ रुद्राष्टक शिव मानस पूजा लिंगाष्टकम शिव पंचाक्षर स्त्रोत द्वादश ज्योतिर्लिंग एवं शिव जी के 108 नाम के साथ अभिषेक एवं पूजन किया गया एवं प्रत्येक वर्ष की भांति अति पवित्र श्रावण मास में विश्व मांगलयसभा द्वारा रखा जाता है इस वर्ष भी शहर के 11 शिवालयों में शिवार्चन का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर अनुराधा कृष्ण पाल यादव रहे, कार्यक्रम का संचालन एवं स्त्रोत पाठ प्रांत सहसंयोजीका कविता साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजक स्नेह लता अग्रवाल एवं संध्या अग्रवाल रही। शिव आराधना से राष्ट्र आराधना का उद्देश्य नागरिकों में त्याग अनुशासन एकता एवं सेवा का भाव जागृत करना है भगवान शिव ने सृष्टि की रक्षा के लिए जहर पीकर सृष्टि की रक्षा का का उदाहरण प्रस्तुत किया उन्होंने सभी को समान भाव से अपना कर समाज में समरसता का संदेश दिया शिवलिंग पर जल चढ़ाने से हमारे अंदर अनुशासन एवं कर्तव्य निष्ठा का भाव जागरूक होता है कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति रही और सभी ने विश्व कल्याण एवं राष्ट्र की सुख शांति के लिए प्रार्थना की कार्यक्रम का समापन आरती एवं जय घोष के साथ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मातृशक्ति ने संकल्प लिया की हम अपने घर से ही राष्ट्र का निर्माण करेंगे एवं परिवारों में संस्कार कर्तव्य निष्ठा एवं एकता का भाव जब जगाएंगे। कार्यक्रम में प्रांत सहसंयोजक नैना शर्मा रशना यादव जिला सह सयोजीका चंदा यादव साधना शर्मा गीता शर्मा विजय बंसल मधु नयनतारा वीणा व्यास उमा दुबे सीमा सलूजा पूजा अग्रवाल चन्दा नायक शशि गुप्ता प्रीति गुप्ता रचना गुप्ता मंजू बापट मोना साहू नीतू लता सोनी वर्षा शर्मा उषा अग्रवाल गायत्री शर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति रही।

37 स्कूलों के लिए बनेंगे नए शाला भवन, मिली स्वीकृति

श्योपुर। राज्य शासन द्वारा वर्तमान सत्र में 37 स्कूलों के लिए नए शाला भवन निर्माण स्वीकृत किए गए हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा श्योपुर विकासखण्ड में 24 तथा कराहल विकासखण्ड में 13 नये शाला भवनों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला परियोजना समन्वयक भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद के निर्देशन में श्योपुर विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रायपुरा, सामरसा, ऊचाखेडा, विजरपुर, शंकरपुर, सीसवाली, छोटाखेडा, जवासा, काशीपुर, खाकरिया का सहराना, लूंड तथा मिडिल स्कूल लाडपुरा एवं तिल्लीपुर में संचालित स्कूलों के लिए नये भवन बनाये जायेंगे। इसी प्रकार कराहल विकासखण्ड में प्राथमिक शाला भवन निमोदामठ, शाहपुरा रूंडी, डोब का सहराना, रैना का टपरा, बलीहारा, बूढा गोठरा, इंदिरा कॉलोनी राहरौन, कुदरदा, पालमपुरा, सेंखरा, सरारीखुर्द, सिरसवाडी, बाघचकराना, चक कॉलोनी, नसीहर, निचलीखोरी, पठारी, रेशम केन्द्र, सिलोरी, टपरिया, अधवाडा, बासेड, चककिशनपुर एवं भनपुरा में भी स्कूलों के लिए नवीन भवन स्वीकृत किये गये है। डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि गत सत्र में विजयपुर विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय करोलपुरा, झारबडौदा, बरदुल्हा, मोगियापुरा, भूतकछा, जहानगढ, खूटका, ओछा की झोपडी, गसवानी, हीरापुरा, सेवला, डोबरी का पुरा एवं श्योपुर विकासखण्ड में प्राथमिक शाला बगदीया तथा बंजारा बस्ती रतोदन में नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिनके कार्य प्रगति पर है।

बच्चों ने खेल-खेल में सीखी नई बातें

आदिवासी बस्ती बमनावर में बाल चौपाल का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग चंद्रसेना भिड़े के नेतृत्व में परियोजना ईसागढ़ अंतर्गत आदिवासी बस्ती बमनावर में बाल चौपाल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा तथा अभिभावकों की सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। बाल चौपाल के दौरान बच्चों के साथ खेल-आधारित शिक्षण गतिविधियाँ, कहानी वाचन, कविता, गीत, संवाद तथा रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के भाषा विकास, संज्ञानात्मक क्षमता, सामाजिक-भावनात्मक विकास तथा आत्मविश्वास को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही अभिभावकों को नियमित रूप से बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र भेजने तथा घर पर भी खेल-खेल में सीखने का अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में रॉकेट लर्निंग संस्था के मिशन नींव के जिला समन्वयक विपिन रघुवंशी ने मिशन नींव के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों के प्रारंभिक वर्षों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सीखने का अवसर उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखता है। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों में नियमित उपस्थिति एवं अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता चिडार की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने बच्चों एवं अभिभावकों को विभिन्न शिक्षण गतिविधियों में सहभागी बनाया तथा बाल विकास एवं नियमित आंगनवाड़ी उपस्थिति के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने उत्साहपूर्वक सभी गतिविधियों में भाग लिया तथा अभिभावकों ने इस प्रकार की बाल चौपाल गतिविधियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी नियमित आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।



दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



बीना। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा साहू समाज मंदिर में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज की साध्वी शिष्याओं द्वारा भजनों व प्रवचनों द्वारा गुरु महिमा आए हुए भक्तों के मध्य रखी गई। हर युग में शिष्यों ने अपने दिव्य गुरु की महिमा संसार के समक्ष रखी। समय-समय पर ऐसे संत महापुरुष इस संसार में आते हैं जो जीव को उसके जीवन के लक्ष्य से अवगत करा उनको परमात्मा की भक्ति से जोड देते हैं। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने आकर गुरु महिमा की गाथा को श्रवण किया। कार्यक्रम में संस्थान से जुडे ब्रह्मज्ञानी, साधकों ने बढ़ चढ कर सहयोग किया। अंत में आरती पर भक्तों ने नाचते झूमते हुए आनंद लिया।



श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति ने स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु पोषण टोकरी दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति' द्वारा एक प्रेरणादायी सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मजदूर वर्ग की गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं सुरक्षित मातृत्व को ध्यान में रखते हुए समिति की ओर से आवश्यक खाद्य एवं स्वास्थ्य सामग्री से युक्त 'पोषण टोकरी' का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता 'राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी ने की। इस अवसर पर वर्तमान अध्यक्ष विभा मोदी, महामंत्री प्रियंका जैन, कोषाध्यक्ष नीतू मूंदड़ा, महिला एवं युवा प्रकोष्ठ से विनीता मिर्ची, विनीता सोनी, सहमंत्री वर्षा सिंघई सहित समिति की अनेक सदस्याएँ उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि गर्भवती महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुरक्षित मातृत्व के उद्देश्य से यह पोषण टोकरी प्रदान की जा रही है। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ माँ ही स्वस्थ एवं हृष्ट-पुष्ट शिशु को जन्म देती है, इसलिए गर्भावस्था के दौरान उचित पोषण और देखभाल अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के पश्चात सभी बहनों ने उत्साहपूर्वक 'मित्रता दिवस भी मनाया। सभी ने एक-दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर शुभकामनाएँ दीं तथा गले मिलकर मित्रता का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत दोस्ती पर आधारित गीत प्रस्तुत किए गए। मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों एवं तंबोला का भी आयोजन किया गया, जिससे पूरे कार्यक्रम का वातावरण सौहार्द, उत्साह और सामाजिक सेवा की भावना से ओत-प्रोत रहा।

कार्यक्रम के समापन पर मीना रसीला' एवं प्रतिभा जैन' द्वारा सभी के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई। साथ ही राष्ट्रीय मंत्री, अध्यक्ष एवं महामंत्री का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर समिति की सांस्कृतिक मंत्री प्रीति भंडारी, आशी मिर्ची, वरिष्ठ सदस्य सुनीता चैधरी, सपना अजमेर,इंदिरा पाली,सुधा जैन,सरल बंसल, नंदा सोनी, अभिलाषा, भारती,संगीता सच्ची, उषा नैनी, संगीता बहादुरपुर, बॉबी सिंह, दीप्ति जैन, मंजू जैन, स्मिता, अंजलि आदि रहे मौजूद।

भोलेनाथ को मनाने का प्रयास, पूजा पाठ और भंडारा

जनता की प्यास बुझाने वाले अमाही तालाब में जल स्तर घटकर 7 फीट पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर शहर की जनता की प्यास बुझाने वाले अमाही तालाब का जल स्तर लगातार गिरावट की ओर है, जलस्तर हर रोज घट रहा है, वर्तमान में 7 फीट पर जलस्तर रह गया है। नीचे सिल्ट जमा है इस कारण 3 से 4 फीट पानी का उपयोग होना पाना संभव नहीं है। इन्द्रदेवता रूठे हैं जिसके कारण जलाशय में पानी नहीं आया है, शहर में पानी की कमी को लेकर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस संकट से निपटने के लिए नपा अध्यक्ष और पार्षद दो दिन पहले भोलेनाथ को मनाने का प्रयास भी कर चुके हैं। इसीक्रम में अमाही तालाब पर पूजा पाठ और भंडारे का आयोजन भी किया गया है, ताकि अच्छी वर्षा हो सके।

23 फीट की क्षमता वाले इस तालाब में 23 सीढ़ियां हैं जो तालाब लवालव होने के बाद पूरी तरह डूब जाती हैं, एक सीढ़ी एक फीट की है, जब तालाब का जल स्तर 17 फीट पर आ जाता है तब तालाब से खेती को पानी देना बंद कर दिया जाता है। जिस तालाब से नगरपालिका पानी लेती है, बदले में नगरपालिका जल संसाधन विभाग को पैसा भी जमा कराती है, लेकिन वर्तमान में तालाब के हालात वर्षा की कमी के कारण गंभीर हो गए हैं। जल स्तर लगातार कम होने से नगरपालिका जो शहर की जनता को पानी का वितरण करती है वह इस संकट से निपटने के लिए प्रार्थना कर रही है कि बदरा तालाब पर मेहरवान हो जाएं और पानी की कमी पूरी हो जाए।

इस गंभीर स्थिति का जायजा लेने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया स्वयं अमाही तालाब पहुंचे और वहां जल स्तर का निरीक्षण किया। तालाब में पानी की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए नपा अध्यक्ष मनोरिया ने क्षेत्र में जल्द बारिश होने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है, ताकि किसानों को सिंचाई और नगर वासियों को पेयजल की किसी भी गंभीर समस्या का सामना न करना पड़े।





नगर पालिका अध्यक्ष की जनता से अपील

इस जल संकट को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने अशोकनगर के सभी नागरिकों से विशेष आग्रह किया है की हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझें और पानी को बर्बाद होने से बचाएं, घर में जितनी जरूरत हो, केवल उतना ही पानी इस्तेमाल करें। जल है तो जीवन हैकृआइए इस संकट के समय में जल संरक्षण में अपना सहयोग दें और पानी की एक-एक बूंद बचाएं।